भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

निगमित संचार निदेशालय

भा.वि.प्रा.ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मनाया

नई दिल्ली, 6 नवंबर, 2023: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 30 अक्टूबर 2023 से 05 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मनाया, जिसका विषय था अपने सभी हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों में "भ्रष्टाचार को न कहें; राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें।

30 अक्टूबर 2023 को भा.वि.प्रा. निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में भा.वि.प्रा.के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार द्वारा संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई।

उपरोक्त कार्यक्रम में भा.वि.प्रा.के श्री अमल गर्ग, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) भी भा.वि.प्रा.के अन्य बोर्ड सदस्यों अर्थात् श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस), डॉ. एच. श्रीनिवास, सदस्य (मा0सं0 एवं वित्त), श्री शरद कुमार, सदस्य (प्रचालन एवं योजना) भा.वि.प्रा.के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष, भा.वि.प्रा.द्वारा 60 (लगभग) अधिकारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई।

अध्यक्ष, भा.वि.प्रा.ने संगठन के प्रभावी कामकाज में सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कर्मचारियों से सतर्गता जागरूकता सप्ताह, 2023 की गतिविधियों में निष्ठा और ईमानदारी के साथ भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर, भा.वि.प्रा.के सीवीओ, श्री अमल गर्ग ने पिछले वर्ष के दौरान सतर्कता विभाग की उपलब्धि के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भा.वि.प्रा."भ्रष्टाचार को न कहें; राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध रहें" के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आयोग के जनादेश को अक्षरश: प्राप्त करने के लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, कर्मचारियों, यात्रियों और बच्चों को सतर्कता के महत्व और इसकी बुराइयों के बारे में जागरूक करने के लिए सभी हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों और छात्रों के लिए भाषण, वाद-विवाद, निबंध, प्रश्नोत्तरी, ड्राइंग स्लोगन प्रतियोगिता, वॉकथॉन और ग्राम सभा जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सभी हितधारकों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाने के लिए हवाई अड्डों पर सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा काउंटर स्थापित किए गए थे।

निगमित संचार निदेशालय, भा वि प्रा द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: जीएम (सीसी)
011-24622787 प्रेस विज्ञप्ति संख्या 23/2023-24